# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर“,अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन,न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 20.03.2025

### शमन शुल्क जमा न करने वालों पर करें कार्रवाई

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को शमन मानचित्रों की समीक्षा की। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए जोनल अधिकारी को निर्देश दिया। सील प्रकरणों की जांच और बेसमेंट को खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। अनियोजित विकास और अवैध प्लॉटिंग का चिह्नांकन कर ध्वस्तीकरण कराने को कहा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 20.03.2025

### मंडलीय कार्यालय की डिजाइन पर चर्चा

वाराणसी। कमिश्नरी में बनने वाले एकीकृत मंडलीय कार्यालय में स्थानांतरित होने वाले विभागों के साथ वीडीए में बुधवार को बैठक हुई। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बताया कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय में कुल 59 विभाग हस्तानांतरित हो रहे हैं। इसमें विशेष विभाग को आवंटित किए जाने वाले ड्राइंग और डिजाइन पर चर्चा की गई। अधिकांश विभागों द्वारा इन ड्राइंग और डिजाइन पर सहमति प्राप्त की गई। बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो

## परफेक्ट मिशन–दि0 20.03.2025

# वीडीए अपर सचिव ने एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में की बैठक



एकीकृत मंडलीय कार्यालय में 59 विभागों हो रहे हस्तानान्तरित

**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, प्राधिकरण सभागार कक्ष में बुधवार को अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

एकीकृत मंडलीय कार्यालय में कुल 59 विभाग हस्तानान्तरित हो रहे है। उक्त बैठक में विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में विशेष रूप से सम्बन्धित विभाग को आवंटित किये जाने वाले ड्राइंग और डिजाईन पर चर्चा की गई, जो विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की गई थी और पहले ही सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई जा चुकी थी। अधिकांश विभागों द्वारा इन ड्राइंग और डिजाईन पर सहमति प्राप्त की गई, जिससे परियोजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज–दि0 20.03.2025

# दो निर्माणधीन भवन हुए सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर भेलूपुर में भवन संख्या बी २१/१०७/ए/१ में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कराया जा रहा था। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार अवर अभियंता सोनू कुमार क्षेत्रीय सुपरवाइजर ने भवन निर्माण कर रहे कारीगरों का हटाने के बाद सील कर दिया। जोनल अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता ने निकटतम थाने के अभिरक्षा में भवन को सौंप दिया। इसी प्रकार वार्ड शिवपुर में भवन स्वामी धीरज सिंह ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लान एवं बैक्वेट का निर्माण करा रहे थे। मौके पर पहुंच जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र और परिवर्तन टीम ने सिलिंग कारवाई के बाद शिवपुर थाने के अभिरक्षा में सौंप दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 20.03.2025

### एकीकृत मंडलीय कार्यालय की डिजाइन पर चर्चा

वाराणसी। एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में बुधवार को वीडीए मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक में एकीकृत मडलीय कार्यालय की डिजाइन पर चर्चा हुई। बैठक में सम्बन्धित विभागों को आवंटित कार्यालयों की ड्राइंग पर चर्चा हुई।

## हिन्दुस्तान–दि0 20.03.2025

### मानचित्र पास नहीं होने पर दांदूपुर में मैरिज लॉन सील

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने शिवपुर वार्ड के दान्दूपुर में रिंग रोड के किनारे मैरिज लॉन में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27, 28 (1) व 28(2) के अन्तर्गत लॉन को सील किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 20.03.2025

### जोन-4 वार्ड-भेलूपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड–भेलूपुर के अंतर्गत यूसुप द्वारा भवन संख्या, बी–21/107–ए–1, मौजा–




विनायक कमच्छा के सटे, वार्ड –भेलूपुर, थाना–भेलूपुर जिला–वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 800 वर्गफिट में तल+1 निर्मित भूतल पर भवन का निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की सुसंगत धारा 27,28(1) व 28(2) के अन्तर्गत सील की कार्यवाही की गयी थी तथा सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार ,अवर अभियंता सोनू कुमार प्रवर्तन टीम उपस्थित रही द्यउपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।


: vcvdavns : Varanasi Development Authority, Janhit Service : janhit.upda.in, E-Tender : etender.up.nic.in

Online Building Plan Approval System : www.upobpas.in, Awas Bandhu, Govt of UP: www.awas.up.nic.in

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 20.03.2025

### वीडीए में एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में स्थानान्तरित होने वाले विभागों के साथ बैठक आयोजित



वाराणसी ।वाविप्रा के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, प्राधिकरण सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में कुल 59 विभाग हस्तानान्तरित हो रहे है। उक्त बैठक में विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में विशेष रूप से सम्बन्धित विभाग को आवंटित किये जाने वाले ड्राइंग और डिजाईन पर चर्चा की गई, जो विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की गई थी और पहले ही सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई जा चुकी थी। अधिकांश विभागों द्वारा इन ड्राइंग और डिजाईन पर सहमति प्राप्त की गई, जिससे परियोजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता श्री अजय पवार, अधिशासी अभियंता श्री अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता श्री अनुज शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 20.03.2025

### एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में स्थानान्तरित होने वाले विभागों के साथ बैठक आयोजित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, प्राधिकरण सभागार कक्ष में अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में कुल 59 विभाग हस्तानान्तरित हो रहे है। उक्त बैठक में विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें विशेष रूप से सम्बन्धित विभाग को आवंटित किये जाने वाले ड्राइंग और डिजाईन पर चर्चा की गई, जो विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की गई थी और पहले ही सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई जा चुकी थी। अधिकांश विभागों द्वारा इन ड्राइंग और डिजाईन पर सहमति प्राप्त की गई, जिससे परियोजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।